नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **29**

No. of Printed Pages – **7**

# SS-01-Hindi (C)

## हिन्दी (अनिवार्य)

**उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के **अ, ब, स, द** भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

**खण्ड – क**

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

वाजिद अली शाह का समय था । लखनऊ विलासिता के रंग में डूबा हुआ था । छोटे-बड़े, गरीब-अमीर सभी विलासिता में डूबे हुए थे । कोई नृत्य और गान की मजलिस सजाता था, तो कोई अफीम की पिनक ही में मजे लेता था । जीवन के प्रत्येक विभाग में आमोद-प्रमोद का प्राधान्य था । शासन-विभाग में, साहित्य-क्षेत्र में, सामाजिक अवस्था में, कला-कौशल में, उद्योग-धंधों में, आहार-व्यवहार में सर्वत्र विलासिता व्याप्त हो रही थी । राजकर्मचारी विषय-वासना में, कविगण प्रेम और विरह के वर्णन में, कारीगर कलाबत्तू और चिकन बनाने में, व्यवसायी सुरमे, इत्र, मिस्सी और उबटन का रोजगार करने में लिप्त थे ।

(अ) वाजिद अली शाह के शासन काल की सामाजिक व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए । **2**

(ब) जीवन के किस-किस क्षेत्र में आमोद-प्रमोद का प्राधान्य था ? **2**

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

घबरा के भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है
सूरज, इसे जगाओ
पवन, इसे हिलाओ
पंछी, इसके कानों पर चिल्लाओ ।

(अ) काव्यांश के माध्यम से कवि ने मनुष्य को क्या संदेश दिया है ? **2**

(ब) कवि ने कौन-कौन से प्राकृतिक उपादानों के माध्यम से मनुष्य को जगाने का भाव उत्पन्न किया है ? **2**

## खण्ड – ख

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** से **दो** पंक्तियों में लिखिए :

(अ) मानव समाज के लिए भाषा का क्या महत्त्व है ? **1**

(ब) लिपि को परिभाषित करते हुए देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली दो भाषाओं के नाम लिखिए । **½ + ½ = 1**

4. रेखांकित शब्दों का पद परिचय लिखिए :

(अ) यह सपेरा बहुत चतुर है । **1**

(ब) मैं सवेरे उठा । **1**

5. अभिधा शब्द–शक्ति को उदाहरण सहित समझाइए । **1 + 1 = 2**

6. 'उपमा' एवं 'रूपक' अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए । **1 + 1 = 2**

7. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों का अर्थ हिन्दी में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) Thesis

(ii) Vigilance

8. राजस्थान सरकार के वित्त विभाग (आय–व्ययक) अनुभाग की ओर से विविध प्रशासनिक विभागों में मितव्ययिता अपनाने हेतु एक परिपत्र लिखिए । **2**

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : **4**

(अ) विद्यार्थियों का राष्ट्र निर्माण में योगदान

(ब) राजस्थान में लोक देवताओं का महत्त्व

(स) नारी सशक्तिकरण

(द) मेरी प्रिय पुस्तक

**खण्ड – ग**

10. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 + 2 + 1 = 4**

बिनु गोपाल बैरिन भई कुंजैं ।
तब ये लता लगति अति सीतल, अब भई विषम ज्वाल की पुंजैं ।।
बृथा बहति जमुना, खग बोलत, बृथा कमल फूलैं अलि गुंजैं ।
पवन, पानी, धनसार, संजीवनि दधिसुत किरन भानु भई भुंजैं ।।
ए ऊधो, कहियो माधव सों बिरह करद करि मारत लुंजैं ।
सूरदास प्रभु को मग जोवत अँखियाँ भई बरन ज्यों गुंजैं ।।

**अथवा**

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

11. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

किसी आती हुई आपदा की भावना या दुःख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भ कारक मनोविकार होता है उसी को भय कहते हैं । क्रोध दुःख के कारण पर प्रभाव डालने के लिए आकुल करता है और भय उसकी पहुँच से बाहर होने के लिए । क्रोध दुःख के कारण के स्वरूप–बोध के बिना नहीं होता । यदि दुःख का कारण चेतन होगा और यह समझा जाएगा कि उसने जान–बूझकर दुःख पहुँचाया है, तभी क्रोध होगा ।

**अथवा**

प्रजातंत्रवाद चाहता है कि न केवल पाँच वर्ष की समाप्ति पर सरकार का निषेध किया जा सके, बल्कि ऐसी भी व्यवस्था होनी चाहिए कि सरकार के विरुद्ध किसी भी समय और तुरन्त निषेधात्मक कार्रवाई की जा सके । अब यदि आपको मेरे कहने का आशय स्पष्ट हो तो प्रजातंत्र का मतलब है कि किसी भी आदमी को सदैव शासन करते रहने का अधिकार नहीं । यह शासन करने का अधिकार लोगों की स्वेच्छा पर निर्भर करता है । उस अधिकार को लोकसभा भवन में चैलेंज किया जा सकता है ।

12. 'तौलिये' एकांकी के माध्यम से लेखक ने किस आडम्बर व खोखलेपन को अभिव्यक्त किया है ?

(उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

**अथवा**

"बाजार से हठपूर्वक विमुखता उनमें नहीं ।" वाक्यांश किसके लिए क्यों कहा गया है ? विवेचना कीजिए ।

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

13. बिहारी के पठित दोहों के आधार पर उनकी नीति व भक्ति को समझाइए । (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

**अथवा**

'आत्म–परिचय' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द)

14. 'मारिये आसा सांपनी, जिन डसिया संसार' काव्य पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

15. 'राजिया रा सोरठा' में कवि ने बुरे एवं अच्छे मित्र के क्या लक्षण बताए हैं ? (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

16. "हाँ, इन सबकी आँखें किसी के आगे शब्द–रहित संकल्प–रहित मौन प्रार्थना में खुली हैं ।" प्रस्तुत पंक्ति किसके लिए और क्यों कही गई है ?(उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

17. 'ठेले पर हिमालय' पाठ के आधार पर पर्वतीय क्षेत्रों के प्राकृतिक सौन्दर्य के बारे में लिखिए ।

(उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

18. कबीरदास **अथवा** कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय लिखिए ।

(उत्तर सीमा **40** शब्द) **2 + 2 = 4**

19. 'रहीम' ने सज्जन व्यक्ति को बार–बार मनाने के लिए क्यों कहा है ? (उत्तर सीमा **20** शब्द) **2**

20. 'यहाँ कौन दुर्ग है ! यही झोपड़ी न; जो चाहे ले–ले ।' प्रस्तुत वाक्य किसने – किससे कहा ?

(उत्तर सीमा **20** शब्द) **2**

## खण्ड – घ

21. "हट जा जीणे जोगिए, हट जा करमाँ वालिए, हट जा पुताँ प्यारिए, बच जा लम्बी उमराँ वालिए ।" प्रस्तुत शब्द कौन और क्यों कह रहा है ? (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

22. 'बलवान से भिड़न्त' पाठांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

23. 'अन्त में एक ऐसा निर्मम सत्य उद्घाटित हुआ जिसकी कल्पना भी मेरे लिए संभव नहीं थी ।' लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ? (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

**अथवा**

'मैं राम के लिए तड़पता हूँ वह मेरे लिए' प्रस्तुत वाक्य में तुलसी के अन्तर्द्वन्द्व को स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

24. एलीफेण्टा की गुफाएँ, एलोरा की गुफाओं से किस प्रकार भिन्न हैं ? इनके प्राकृतिक एवं शिल्प–सौंदर्य को लिखिए ।

(उत्तर सीमा **80** शब्द) **2 + 2 + 2 = 6**

**अथवा**

देवनारायणजी एवं महाराजा सूरजमल के सामाजिक एवं धार्मिक महत्त्व को लिखिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द) **6**

**खण्ड – ङ**

25. समाचार-लेखन में इंट्रो क्या है ? इसका महत्त्व लिखिए । (उत्तर सीमा **40** शब्द) **1 + 1 = 2**

26. फीचर-लेखन को परिभाषित करते हुए फीचर के चार प्रकार लिखिए । (उत्तर सीमा **40** शब्द) **1 + 1 = 2**

27. साक्षात्कार को परिभाषित करते हुए साक्षात्कार के प्रकार लिखिए । (उत्तर सीमा **40** शब्द) **1 + 1 = 2**

28. रिपोर्ताज एवं यात्रा-वृत्तांत के अन्तर को स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

29. डायरी-लेखन को स्पष्ट करते हुए इसके महत्त्व को समझाइए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **26**

No. of Printed Pages – **7**

# SS-21-Hindi Sah.

## हिन्दी साहित्य

**उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आंतरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) उत्तर यथासम्भव निर्धारित शब्द–सीमा में ही सुपाठ्य लिखें ।

## खण्ड – अ

1. ‘नई कविता’ की परिभाषा एवं उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

2. आधुनिक काल के ‘द्विवेदी युग’ की उपन्यास विकास यात्रा पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

   (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

3. ‘जीवनी’ एवं ‘आत्मकथा’ विधा की परिभाषा एवं अन्तर स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

4. ‘भारतेन्दु युग’ के प्रमुख कवि एवं उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

## खण्ड – ब

5. ‘माधुर्य’ गुण की परिभाषा लिखिए। (उत्तर सीमा **10** शब्द) **1**

6. ‘अक्रमत्व’ और ‘दुष्क्रमत्व’ में अन्तर लिखिए। (उत्तर सीमा **10** शब्द) **1**

7. ‘हरिगीतिका’ छंद की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

8. ‘द्रुतविलम्बित’ छंद की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

9. ‘अन्योक्ति’ अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

10. ‘विभावना’ अलंकार को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

## खण्ड – स

11. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

भारत में विभिन्न जातियों के पारस्परिक सम्पर्क में आने से संस्कृति की समस्या कुछ जटिल हो गई। पुराने जमाने में द्रविड़ और आर्य संस्कृति का समन्वय बहुत रीति से हो गया था। इस समय मुस्लिम और अंग्रेजी संस्कृति का मेल हुआ है। हम इन संस्कृतियों से अछूते नहीं रह सकते हैं। भारतीय संस्कृति की समन्वयशीलता यहाँ भी अपेक्षित है किन्तु समन्वय में अपना न खो बैठना चाहिए। दूसरी संस्कृतियों के जो अंग हमारी संस्कृति में अविरोध रूप से अपनाएँ जा सकें उनके द्वारा अपनी संस्कृति को सम्पन्न बनाना आपत्तिजनक नहीं।

**अथवा**

पीतल की मूर्ति में कभी वह बात आ नहीं सकती जो पत्थर में होती है। देवी की मूर्ति को देखते-देखते प्रोफेसर साहब के हृदय की स्पंदन-गति तीव्र होने लगी – इतनी सुन्दर जो थी वह। वे फिर आगे बढ़कर उसे उठाने को हुए लेकिन फिर उन्होंने बाहर झाँककर देखा, पर वहाँ कोई नहीं था, कोई आता ही नहीं उस बिचारे उजड़े हुए मन्दिर के पास – किसे परवाह थी निर्जन को अपनी दीप्ति से जगमग करती हुई उस देवी की। देवी के प्रति दया और सहानुभूति से गद्‌गद होकर प्रोफेसर साहब भीतर आए।

12. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

विधि के कमंडल की सिद्धि है प्रसिद्ध यही,

हरि–पद पंकज–प्रताप की लहर है ।

कहै 'पदमाकर' गिरीस – सीस मंडल के,

मंडल की माल ततकाल अघहर है ।

भूपति भगीरथ के रथ की सुपुण्य पथ

जन्हु जप जोग फल फैल की फहर है ।

**अथवा**

नहीं समझ पाया था मैं उसके महत्त्व को,

बचपन में निज स्वार्थ लोभवश पैसे बोकर ।

रत्न–प्रसविनी है वसुधा अब समझ सका हूँ ।

इसमें सच्ची ममता के दाने बोने हैं ।

इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं

इसमें मानवता ममता के दाने बोने हैं

13. कबीर के दोहों के आधार पर गुरु का महत्त्व अपने शब्दों में लिखिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

**अथवा**

"'मिठाईवाला' कहानी बाल मनोविज्ञान के विविध कोणों को स्पष्ट करती है ।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

14. "दिनकर के काव्य में एक सामाजिक चेतना हमेशा विद्यमान रही है ।" 'कुरुक्षेत्र' पाठ के आधार पर विवेचना कीजिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

**अथवा**

'विश्व के किसी भी देश के पास ऐसी भूमि और संसाधन नहीं हैं ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

15. 'खुद लापरवाह हो, दोष उल्टे मुझे देते हो ।' जैनेन्द्र कुमार के इस कथन को समझाइए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

16. 'तुलसीदास भारत के श्रेष्ठ भक्त कवि हैं ।' इसको स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

17. 'काज परै कछु और है, काज सरै कछु और ।' इस पंक्ति का भावार्थ समझाइए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

18. 'गौरव–सी काया पड़ी माया है प्रताप की ।' इस काव्य पंक्ति का आशय लिखिए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

19. कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** लेखिका महादेवी वर्मा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर अपने विचार अभिव्यंजित कीजिए। (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

20. 'बरन–बरन तरु फूले उपवन बन।' इस काव्य पंक्ति को समझाइए। (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

21. 'भारत की भाषा सामान्य होते हुए भी विशेष क्षमता रखती है।' निबंधकार हरिशंकर परसाई के इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा **40** शब्द) **2**

## खण्ड – द

22. 'माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती है।' इस कथन को 'राष्ट्र का स्वरूप' निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द) **4**

**अथवा**

'पोर्ट ब्लेयर में लघु भारत के दर्शन होते हैं।' इस कथन को डॉ. देव कोठारी के अनुसार समझाइए।
(उत्तर सीमा **80** शब्द)

23. 'निर्वासित' कहानी के मूलभाव को स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

24. 'जन्म–मरण की कठिन समस्या है।' इस उक्ति का स्वामी विवेकानंद के अनुसार तात्पर्य समझाइए।
(उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

25. 'प्राणियों में जैसे रक्त संचार होता है, वैसे ही पेड़–पौधों में रस संचार होता है ।' लेखक परमहंस योगानंद के अनुसार इस कथन का आशय समझाइए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

26. 'अब गुलाब गेहूँ पर विजय प्राप्त करे ।' इस कथन में निहित भाव की व्यंजना कीजिए । (उत्तर सीमा **60** शब्द) **3**

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE